संख्या– 624 जेड / 6–सा–1–13–4जी / 2013

प्रेषक,

अखिलेश चन्द्र गुप्ता,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक / सचिव,
उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद,
लखनऊ।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 15 अप्रैल, 2013

विषय: **स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दाह संस्कार हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिये धन का आवंटन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के समस्त जनपदों के दिवंगत राज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दाह संस्कार हेतु राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए प्रावधानित कुल रू0 10,00,000 / – (रू0 दस लाख मात्र) की धनराशि आपके निस्तारण पर रखे जाने की स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं।

2– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय समस्त वित्तीय नियमों एवं स्थायी ओदशों के अनुसार किया जोयगा। धनराशि के प्रदेशन मात्र से ही व्यय करने का अधिकार नहीं हो जाता, जहॉ सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित हो, व्यय करने से पूर्व अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

3– वित्तीय स्वीकृतियों में आवश्कतानुसार धनराशि का कोषागार से आहरण सुनिश्चित किया जाय।

4– इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहना है कि उपर्युक्त धनराशि सम्बन्धी व्यय विवरण समस्त जनपदों से प्राप्त कर नियमित रूप से महालेखाकार (लेखा), उ0प्र0, इलाहाबाद को प्रातिमाह के प्रथम सप्ताह में भेजा जाये तथा जिसकी एक प्रति शासन को भी निश्चित रूप से उपलब्ध करायी जाये।

5– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013–14 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या–28 के लेखा शीर्षक "2251–सचिवालय–सामाजिक सेवायें– आयोजनेत्तर– 200– अन्य योजनायें– 06– मृतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दाह

क्रमशः–2

संस्कार हेतु उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता–20–सहायता अनुदान ... (गैर वेतन)" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

6– यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सख्या–वी ... दस–2013–231/2013, दिनांक–28 मार्च, 2013 द्वारा प्रशासकीय विभाग ... प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(अखिलेश चन्द्र गुप्ता)
उप सचिव

संख्या–624 (1)जेड/6–सा–1–2013, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3– वरिष्ठ आडिट ऑफिसर (आडिट–प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार ... परीक्षा) प्रथम सत्यनिष्ठा भवन, 15–थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4– निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
5– वित्त (आय–व्यय) अनुभाग–1
6– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–12
7– इन्चार्ज, एन0आई0सी0 नेटसेल, नवीन भवन, उत्तर प्रदेश ... लखनऊ।
8– गार्ड फाईल।

आज्ञा ...

(अखिलेश चन्द्र गुप्ता)
उप सचिव।